S.O./[redacted] (GD-B/[redacted]) LDCE -2024

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : CSOE-B-PPM**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**A**

क्रम संख्या

1000201

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र II

## (कार्यविधि और पद्धति, कोटि III)

***समय : दो घण्टे*** | ***पूर्णांक : 150***

### अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि **न** हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. भारतीय रेल सहित केंद्रीय सरकार की सभी संपत्तियों पर सभी राज्य और स्थानीय प्राधिकरण के करों से छूट किस अवधि से प्रभावी है ?

(a) 26 जनवरी 1950
(b) 15 अगस्त 1950
(c) 2 अक्टूबर 1950
(d) 26 जनवरी 1952

2. प्राक्कलन समिति के सदस्यों को

(a) लोक सभा द्वारा अपने सदस्यों में से निर्वाचित किया जाता है।
(b) लोक सभा और राज्य सभा के सदस्यों में से नामित किया जाता है।
(c) लोक सभा द्वारा अपने सदस्यों में से निर्वाचित किया जाता है किंतु राज्यसभा सदस्यों के मामले में नामित किया जाता है।
(d) अध्यक्ष द्वारा लोक सभा सदस्यों में से नामित किया जाता है।

3. रेल सुरक्षा निधि का उद्देश्य क्या है ?

1. रेल यात्रियों को सुरक्षा की आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध कराना
2. मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को मानव युक्त लेवल क्रॉसिंग में बदलने के लिए वित्तपोषण करना
3. व्यस्त लेवल क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज/अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए वित्तपोषण करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

4. शून्य-आधारित बजट व्यवस्था (ZBB) का उद्देश्य

(a) दुर्लभ संसाधनों के विवेकपूर्ण आबंटन में सहायता करना आशयित है।
(b) मौजूदा कार्यक्रमों में पिछले व्यय की कटौती करना है।
(c) मितव्ययिता को लागू करने के लिए मौजूदा कार्यकलापों को धीमा करना है।
(d) व्यय की संस्वीकृति में विलंब से बचना है।

5. ''भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी'' कहाँ स्थित है ?

(a) नई दिल्ली
(b) वडोदरा
(c) सिकंदराबाद
(d) कोलकाता

6. संसद में बजट प्रस्तुत करना सांविधानिक बाध्यता है

(a) भारत के संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार
(b) भारत के संविधान के अनुच्छेद 113 के अनुसार
(c) भारत के संविधान के अनुच्छेद 110 के अनुसार
(d) भारत के संविधान के अनुच्छेद 114 के अनुसार

7. लोक लेखा समिति के निष्कर्ष और संस्तुति

(a) अनिवार्य हैं
(b) केवल संस्तुति हैं किंतु आबद्धकर नहीं हैं
(c) यदि संसद के अधिदेश के अधीन है तो अनिवार्य हैं
(d) गैर-कार्रवाई योग्य हैं

8. लोक लेखा समिति के सदस्यों की पदावधि किससे अधिक *नहीं* होगी ?

(a) एक वर्ष
(b) दो वर्ष
(c) पाँच वर्ष
(d) तीन वर्ष

9. NRUCC में कितनी संख्या में संसद के सदस्यों का भी प्रतिनिधित्व होता है ?

(a) 12 लोक सभा से और 6 राज्य सभा से
(b) 10 लोक सभा से और 6 राज्य सभा से
(c) 10 लोक सभा से और 5 राज्य सभा से
(d) 12 लोक सभा से और 5 राज्य सभा से

10. रेल दर अधिकरण का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(a) दिल्ली
(b) मुंबई
(c) चेन्नई
(d) कोलकाता

1. The Central Government properties including the Indian Railways are exempt from all the State and local authority taxes with effect from

(a) $26^{th}$ January 1950
(b) $15^{th}$ August 1950
(c) $2^{nd}$ October 1950
(d) $26^{th}$ January 1952

2. The members of Estimates Committee are

(a) elected by the Lok Sabha from amongst its members.
(b) nominated from amongst the members of the Lok Sabha and the Rajya Sabha.
(c) elected by the Lok Sabha from amongst its members but nominated in case of Rajya Sabha members.
(d) nominated from the Lok Sabha members by the Speaker.

3. What is the objective of Railway Safety Fund ?

1. To provide essential items of safety to Railway passengers
2. To finance conversion of unmanned level crossings into manned crossings
3. To finance construction of Railway over-bridges/under-bridges at busy level crossings

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 2 and 3 only

4. Objective of Zero-Based Budgeting (ZBB) is

(a) intended to help in judicious allocation of scarce resources.
(b) to curtail past expenditure in existing programmes.
(c) to slow down existing activity for effecting economy.
(d) to avoid delay in sanction of expenditure.

5. The "National Academy of Indian Railways" is situated at

(a) New Delhi
(b) Vadodara
(c) Secunderabad
(d) Kolkata

6. Presentation of Budget to Parliament is a constitutional obligation as per

(a) Article 112 of the Constitution of India
(b) Article 113 of the Constitution of India
(c) Article 110 of the Constitution of India
(d) Article 114 of the Constitution of India

7. The findings and recommendations of the Public Accounts Committee are

(a) mandatory
(b) only recommendatory but not binding
(c) mandatory only if mandated by Parliament
(d) non-actionable

8. The term of office of members of the Public Accounts Committee shall ***not*** exceed

(a) one year
(b) two years
(c) five years
(d) three years

9. NRUCC also has representation from Members of Parliament in the following numbers :

(a) 12 from the Lok Sabha and 6 from the Rajya Sabha
(b) 10 from the Lok Sabha and 6 from the Rajya Sabha
(c) 10 from the Lok Sabha and 5 from the Rajya Sabha
(d) 12 from the Lok Sabha and 5 from the Rajya Sabha

10. Railway Rates Tribunal has its headquarters at

(a) Delhi
(b) Mumbai
(c) Chennai
(d) Kolkata

11. रेलवे बोर्ड का गठन किसके अंतर्गत किया गया था ?

(a) भारत के संविधान के एक अनुच्छेद के अंतर्गत

(b) भारत सरकार के एक संकल्प के अंतर्गत

(c) संसद/विधान सभा द्वारा अंगीकृत एक संकल्प के अंतर्गत

(d) वित्त मंत्रालय के निर्णय के अंतर्गत

12. संसद में किसी तारांकित प्रश्न की न्यूनतम सूचना अवधि कितनी है ?

(a) 20 दिन

(b) 10 दिन

(c) 15 दिन

(d) 30 दिन

13. वित्त व्यवस्था के आधार और रेलवे व्यय के आबंटन के नियमों की संस्तुति करने के लिए प्रथम व्यापक 'रेलवे अभिसमय समिति' का संचालन निम्नलिखित किस वर्ष में किया गया था ?

(a) 1943

(b) 1949

(c) 1954

(d) 1960

14. रेलवे संपर्क कार्यालय (Railway Liaison Office)

(a) रेलवे बोर्ड का संलग्न कार्यालय है

(b) रेलवे बोर्ड का अधीनस्थ कार्यालय है

(c) रेलवे बोर्ड का तकनीकी विंग है

(d) रेलवे बोर्ड के जन संपर्क निदेशालय का एक विंग है

15. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय का सचिव अनिवार्य रूप से राष्ट्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री परिषद का सदस्य *नहीं* होता है ?

(a) उद्योग

(b) वाणिज्य

(c) रक्षा

(d) पर्यटन

16. रियायती लाभांश निम्नलिखित किस पूँजीगत लागत पर संदेय था ?

(a) स्टेशन भवन

(b) कार्यालय भवन

(c) आवासीय भवन

(d) वर्कशॉप भवन

17. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत की आकस्मिकता निधि को प्राधिकृत करता है ?

(a) अनुच्छेद 112

(b) अनुच्छेद 113

(c) अनुच्छेद 266

(d) अनुच्छेद 267

18. चालित लाइनों (आर्थिक सहायता प्राप्त कंपनियों) के लिए भुगतान को पूर्ववर्ती किस रेलवे मांग संख्या के अंतर्गत विविध व्यय (साधारण) के साथ मिला दिया गया है ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 14

19. वित्तीय समायोजन के बिना अंतरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह उनके वित्तीय बहियों के लेखा शीर्षों में नामे डाल कर (डेबिट) या जमा करके (क्रेडिट) आस्तियों के अंतरण का समायोजन करने से संबंधित है।

(b) यह लेनदेनों की जर्नल प्रविष्टि किए बिना दो यूनिटों के बीच आस्तियों के अंतरण का समायोजन करने से संबंधित है।

(c) यह प्रारंभिक शेष से जोड़ने या घटाने के समायोजन से संबंधित है।

(d) यह वित्तीय बहियों में डेबिट और क्रेडिट के समायोजन से संबंधित है।

11. The Railway Board was constituted under

(a) an Article of the Constitution of India

(b) a resolution of the Government of India

(c) a resolution adopted by the Parliament/ Legislative Assembly

(d) a decision of the Ministry of Finance

12. What is the minimum notice period of a starred question in the Parliament ?

(a) 20 days

(b) 10 days

(c) 15 days

(d) 30 days

13. The first comprehensive 'Railway Convention Committee' was conducted to recommend the basis of finance arrangements and the rules of allocation of Railway expenditures in which one of the following years ?

(a) 1943

(b) 1949

(c) 1954

(d) 1960

14. The Railway Liaison Office is :

(a) an attached office of the Railway Board

(b) a subordinate office of the Railway Board

(c) a technical wing of the Railway Board

(d) a wing of Public Relations Directorate of the Railway Board

15. The Secretary of which of the following Ministries is ***not*** necessarily a member of National Railway Users Consultative Council ?

(a) Industry

(b) Commerce

(c) Defence

(d) Tourism

16. Concessional dividend was payable on the capital cost of which of the following ?

(a) Station buildings

(b) Office buildings

(c) Residential buildings

(d) Workshop buildings

17. Which one of the following Articles of the Constitution of India authorizes Contingency Fund of India ?

(a) Article 112

(b) Article 113

(c) Article 266

(d) Article 267

18. Payment to worked lines (subsidized companies) has been merged with Miscellaneous Expenditure (General) under erstwhile Railway Demand number

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 14

19. Which one of the following statements is correct regarding the transfer without financial adjustment ?

(a) It refers to the adjustment of transfer of assets by debiting or crediting to the heads of accounts in their financial books.

(b) It refers to the adjustment of transfer of assets between two units without making a journal entry of the transactions.

(c) It refers to the adjustment of adding and deducting from the opening balances.

(d) It refers to the adjustment of raising debits and credits into the financial books.

**20.** लोक लेखा समिति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह रेलवे की वित्तीय समिति है जिसका गठन विनियोजन लेखों की संवीक्षा करने के प्रयोजन से किया गया है।

(b) यह रेलवे बोर्ड की स्थायी समिति है जिसका गठन विनियोजन लेखों की संवीक्षा करने के प्रयोजन से किया गया है।

(c) यह भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय समिति है जिसका गठन विनियोजन लेखों की संवीक्षा करने के प्रयोजन से किया गया है।

(d) यह संसद की स्थायी समिति है जिसका गठन विनियोजन लेखों की संवीक्षा करने के प्रयोजन से किया गया है।

**21.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

पूर्ववर्ती रेलवे मांग संख्या – 16 के मामले में, पुनर्विनियोजन किसके मध्य संभव है ?

1. पूँजी और रेलवे निधि के मध्य
2. रेलवे निधि और राजस्व के मध्य

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**22.** निम्नलिखित में से किससे परिचालन अनुपात निकाला जाता है ?

(a) $\frac{\text{(कुल सकल आय)}}{\text{(कुल सकल संचालन व्यय)}} \times 100$

(b) $\frac{\text{(कुल सकल संचालन व्यय)}}{\text{(कुल सकल आय)}} \times 100$

(c) $\frac{\text{(साधारण संचालन व्यय)}}{\text{(कुल सकल आय)}} \times 100$

(d) $\frac{\text{(कुल सकल आय)}}{\text{(साधारण संचालन व्यय)}} \times 100$

**23.** माल डिब्बों (wagons) के प्रतिस्थापन के मामले में, एक बोगी (bogie) को निम्नलिखित में से किसके प्रतिस्थापन के रूप में लिया जाना चाहिए ?

(a) एक 4-व्हीलर

(b) दो 4-व्हीलर

(c) एक 8-व्हीलर

(d) दो 8-व्हीलर

**24.** रेल बजट को केंद्रीय बजट से अलग प्रस्तुत किया जाता था। यह किसके द्वारा अधिदेशित था ?

(a) भारत का संविधान

(b) संसद का एक अधिनियम

(c) एक अभिसमय

(d) भारत का राष्ट्रपति

**25.** रेलवे वित्त को सामान्य वित्त से पृथक करने और रेलवे के लिए पृथक बजट प्रस्तुत करने को अनिवार्य करने वाला पृथक्करण अभिसमय कब अस्तित्व में आया ?

(a) 1921

(b) 1923

(c) 1924

(d) 1952

**26.** रेलवे के वित्त और लेखा विभाग का प्रशासनिक प्रमुख होने के अतिरिक्त, वित्त आयुक्त (रेलवे) जिसे अब सदस्य-वित्त कहा जाता है, रेलवे बोर्ड में निम्नलिखित में से किसका प्रतिनिधित्व भी करता है ?

(a) वित्त मंत्री, भारत सरकार

(b) भारत का राष्ट्रपति

(c) भारत का प्रधानमंत्री

(d) मंत्रिमंडल सचिव, भारत सरकार

20. Which one of the following statements is correct regarding the Public Accounts Committee ?

(a) It is a finance committee of the Railways constituted for the purpose of scrutinizing the appropriation accounts.

(b) It is a standing committee of the Railway Board constituted for the purpose of scrutinizing the appropriation accounts.

(c) It is a committee of Reserve Bank of India constituted for the purpose of scrutinizing the appropriation accounts.

(d) It is a standing committee of the Parliament constituted for the purpose of scrutinizing the appropriation accounts.

21. Consider the following statements :

In the case of erstwhile Railway Demand Number – 16, re-appropriation is possible between

1. Capital and Railway Funds
2. Railway Funds and Revenue

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

22. Operating ratio is worked out on which one of the following ?

(a) $\frac{\text{(Total Gross Earnings)}}{\text{(Total Gross Working Expenses)}} \times 100$

(b) $\frac{\text{(Total Gross Working Expenses)}}{\text{(Total Gross Earnings)}} \times 100$

(c) $\frac{\text{(Ordinary Working Expenses)}}{\text{(Total Gross Earnings)}} \times 100$

(d) $\frac{\text{(Total Gross Earnings)}}{\text{(Ordinary Working Expenses)}} \times 100$

23. In the case of replacement of wagons, one bogie should be taken as replacement of

(a) one 4-wheeler

(b) two 4-wheelers

(c) one 8-wheeler

(d) two 8-wheelers

24. The Railway Budget was presented separately from the Union Budget. This was mandated by :

(a) the Constitution of India

(b) an Act of the Parliament

(c) a Convention

(d) the President of India

25. Separation Convention mandating separation of Railway Finances from the General Finances and presentation of a separate budget for Railways came into being in

(a) 1921

(b) 1923

(c) 1924

(d) 1952

26. Besides being the administrative head of the Finance and Accounts Department of Railways, the Financial Commissioner (Railways), now called Member Finance, also represents which one of the following on the Railway Board ?

(a) The Finance Minister, Government of India

(b) The President of India

(c) The Prime Minister of India

(d) The Cabinet Secretary, Government of India

**27.** संसद में बजट को प्रस्तुत करना निम्नलिखित में से किसके अधीन सांविधानिक बाध्यता है ?

(a) भारत के संविधान का अनुच्छेद 112(1)

(b) भारत के संविधान का अनुच्छेद 114

(c) भारत के संविधान का अनुच्छेद 113(3)

(d) भारत के संविधान का अनुच्छेद 110

**28.** रेल बजट का साधारण बजट में विलय से पहले, अनुदानों के लिए रेलवे मांगों का फार्मेट कब से लागू हुआ था ?

(a) 1 अप्रैल 1979

(b) 1 अप्रैल 1952

(c) 1 अप्रैल 1964

(d) 1 अप्रैल 1983

**29.** रेलवे के मामले में अनुदानों की मांगों का फार्मेट किसके द्वारा तैयार और अनुमोदित किया जाता है ?

(a) संसद की लोक लेखा समिति

(b) संसद की रेलवे अभिसमय समिति

(c) संसद की प्राक्कलन समिति

(d) रेल संबंधी संसद की स्थायी समिति

**30.** क्षेत्रीय रेलवे के बजट प्राक्कलन तैयार करने का उत्तरदायित्व किसका है ?

(a) क्षेत्रीय रेलवे का FA और CAO

(b) क्षेत्रीय रेलवे का महाप्रबंधक

(c) वित्त आयुक्त, रेलवे बोर्ड

(d) अपर सदस्य (बजट), रेलवे बोर्ड

**31.** ऋण लेखा दर्शाता है

(a) रेल मंत्रालय द्वारा बाजार से प्राप्त किए गए ऋण की कुल राशि।

(b) वित्त मंत्रालय द्वारा प्रदत्त बजटीय सहायता से सृजित आस्तियाँ।

(c) रेलवे द्वारा लोक लेखा में रखी गई राशि।

(d) भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त ओवरड्राफ्ट।

**32.** IRFC, खंड-I के अनुसार, किसी आस्ति के मूल्यह्रास के लिए प्रावधान निम्नलिखित में से किसके अनुसार किया जाए ?

(a) सीधी रेखा विधि

(b) ह्रासमान मूल्य विधि

(c) वार्षिकी आधारित विधि

(d) ऋणशोधन निधि विधि

**33.** भारत का संविधान निम्नलिखित किस अनुच्छेद के अधीन वार्षिक वित्तीय विवरण में व्यय के प्राक्कलन के समावेशन को विहित करता है ?

(a) अनुच्छेद 112(2), 113(1), 113(2) और 113(3)

(b) अनुच्छेद 110, 111 और 112

(c) अनुच्छेद 112(1), 113(3) और 114

(d) अनुच्छेद 112(2), 113(3) और 114

**34.** रेलवे के संचालन व्यय में कौन-सी पूर्ववर्ती रेलवे माँग संख्याएँ शामिल हैं ?

(a) 1 से 13

(b) 3 से 13

(c) 3 से 14

(d) 4 से 12

27. Presentation of budget to the Parliament is a constitutional obligation under

(a) Article 112(1) of the Constitution of India

(b) Article 114 of the Constitution of India

(c) Article 113(3) of the Constitution of India

(d) Article 110 of the Constitution of India

28. The formats of Railways Demands for Grants, before merger of Railway Budget with General Budget, came into force from

(a) 1st April 1979

(b) 1st April 1952

(c) 1st April 1964

(d) 1st April 1983

29. The formats of Demands for Grants in case of Railways are devised and approved by

(a) Public Accounts Committee of Parliament

(b) Railway Convention Committee of Parliament

(c) Estimates Committee of Parliament

(d) Standing Committee of Parliament on Railways

30. The responsibility for framing the budget estimates of the Zonal Railways rests with

(a) FA and CAO of the Zonal Railway

(b) General Manager of the Zonal Railway

(c) Financial Commissioner, Railway Board

(d) Additional Member (Budget), Railway Board

31. The Loan Account represents

(a) total amount of the loan obtained by Ministry of Railways from the market.

(b) the assets created from the budgetary support provided by the Ministry of Finance.

(c) the amount put into the Public Account by the Railways.

(d) overdraft obtained from the RBI.

32. As per IRFC, Volume-I, the provision for the depreciation for an asset needs to be made as per

(a) Straight line method

(b) Diminishing value method

(c) Annuity based method

(d) Sinking fund method

33. The Constitution of India prescribes embodiment of the estimates of expenditure in the annual financial statement under which of the following Articles ?

(a) Articles 112(2), 113(1), 113(2) and 113(3)

(b) Articles 110, 111 and 112

(c) Articles 112(1), 113(3) and 114

(d) Articles 112(2), 113(3) and 114

34. Working expenses of Railways comprise of erstwhile Railway Demand Numbers

(a) 1 to 13

(b) 3 to 13

(c) 3 to 14

(d) 4 to 12

**35.** विविध व्यय के लिए बजट प्रावधान में कौन-सी पूर्ववर्ती रेलवे माँग संख्याएँ शामिल हैं ?

(a) 1, 2 और 14

(b) 1, 2 और 12

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 2

**36.** सरकार के व्यय को अनुदान की माँग के रूप में अनुमोदन के लिए संसद में प्रस्तुत करना होता है। किंतु भारत के राष्ट्रपति के अनुमोदन के बिना अनुदान की माँग नहीं की जा सकती है। इसे सांविधानिक रूप से किसके अधीन उपबंधित किया गया है ?

(a) भारत के संविधान का अनुच्छेद 113(3)

(b) भारत के संविधान का अनुच्छेद 112(1)

(c) भारत के संविधान का अनुच्छेद 113(1)

(d) भारत के संविधान का अनुच्छेद 113(2)

**37.** खान-पान (catering) से प्राप्त आय किसका भाग है ?

(a) फुटकर अन्य आय

(b) यात्री आय

(c) कोचिंग आय

(d) विविध आय

**38.** रेलवे में कबाड़ (scrap) की बिक्री किसका भाग है ?

(a) फुटकर अन्य आय

(b) माल ढुलाई से आय

(c) विविध प्राप्तियाँ

(d) पूर्ववर्ती पूंजीगत माँग संख्या 16 के अधीन ऋण (क्रेडिट) वसूलियाँ

**39.** भारतीय रेलवे की कितनी रेलवे आरक्षित निधियाँ हैं ?

(a) 3

(b) 5

(c) 6

(d) 7

**40.** वित्त मंत्रालय को संदेय लाभांश किस पूर्ववर्ती रेलवे माँग संख्या का भाग था ?

(a) 14

(b) 2

(c) 12

(d) 15

**41.** कर्मचारी को 'पदोन्नति पाठ्यक्रम' उत्तीर्ण करने के लिए प्रशासन के खर्च पर कितने अवसर दिए जाते हैं ?

(a) चार

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

**42.** अनुपूरक चयन (supplementary selection) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह अभ्यर्थी की अस्वस्थता के मामले में किया जाता है जिस पर कर्मचारी का कोई नियंत्रण नहीं होता है।

(b) यह विवाह या इसी तरह के समारोह में शामिल होने के लिए अनुपस्थिति के मामले में किया जाता है, जिस पर उसका कोई नियंत्रण नहीं होता है।

(c) यह उस स्थिति में किया जाता है जब चयन परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, रिक्तियों की अपेक्षित संख्या से कम होती है।

(d) यह उस स्थिति में किया जाता है जब विभाग का प्रशासनिक प्रमुख ऐसा चयन करने का निर्णय लेता है।

35. Miscellaneous Expenditures is budgeted under erstwhile Railway Demand Numbers

(a) 1, 2 and 14
(b) 1, 2 and 12
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 and 2 only

36. The expenditure of the Government has to be presented to the Parliament for approval in the form of Demand for Grant. But no Demand for a Grant can be made without the approval of the President of India as constitutionally provided under

(a) Article 113(3) of the Constitution of India
(b) Article 112(1) of the Constitution of India
(c) Article 113(1) of the Constitution of India
(d) Article 113(2) of the Constitution of India

37. Earning from catering is a part of

(a) Sundry other earnings
(b) Passenger earnings
(c) Coaching earnings
(d) Miscellaneous earnings

38. Sale of scrap in Railways is a part of

(a) Sundry other earnings
(b) Goods earnings
(c) Miscellaneous receipts
(d) Credit recoveries under erstwhile Capital Demand Number 16

39. How many Railway Reserve Funds are there on the Indian Railways ?

(a) 3
(b) 5
(c) 6
(d) 7

40. Dividend payable to Ministry of Finance was a part of erstwhile Railways Demand Number

(a) 14
(b) 2
(c) 12
(d) 15

41. How many chances are given to the employee to pass the 'Promotional Course' at the cost of the administration ?

(a) Four
(b) One
(c) Two
(d) Three

42. Which one of the following statements is correct regarding supplementary selection ?

(a) It is held in case of sickness of the candidate over which the employee has no control.
(b) It is held in case of absence for attending a wedding or similar function, over which he has no control.
(c) It is held in case number of candidates appearing in the selection test is less than the requisite number of vacancies.
(d) It is held in case administrative head of the department takes a decision to hold such a selection.

**43.** चालक स्टॉफ (running staff) के मूल वेतन का 30%, निम्नलिखित में से किस प्रयोजन के लिए वेतन के रूप में संगणित किया जाएगा ?

1. चिकित्सीय परिचर्या और उपचार
2. क्वार्टर की हकदारी
3. समयोपरि भत्ता
4. शिक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**44.** शास्ति के रूप में सेवा से अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त रेल सेवक को प्राधिकारी द्वारा कम से कम किस दर से पेंशन स्वीकृत की जा सकेगी ?

(a) पूर्ण प्रतिपूर्ति पेंशन का 1/4
(b) पूर्ण प्रतिपूर्ति पेंशन का 1/2
(c) पूर्ण प्रतिपूर्ति पेंशन का 2/3
(d) पूर्ण प्रतिपूर्ति पेंशन का 3/4

**45.** रेलवे कर्मचारियों को निम्नलिखित कार्य के लिए, ड्यूटी से उनकी अनुपस्थिति की पूर्ति के लिए, विशेष आकस्मिक छुट्टी स्वीकृत की जाती है :

1. खेलों में भाग लेना
2. स्काउट कार्य
3. कैलाश मानसरोवर यात्रा
4. आपदा प्रबंधन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

**46.** समूह-ख (Group-B) पदों के मामले में चयन समिति की सिफारिशों का अनुमोदन करने के लिए सक्षम प्राधिकारी कौन होता है ?

(a) विभागाध्यक्ष
(b) मंडल (डिवीज़नल) रेल प्रबंधक
(c) महाप्रबंधक
(d) रेलवे बोर्ड

**47.** रेलवे में, अधिवार्षिता की तारीख के बाद कितनी अवधि के लिए सेवा-विस्तार या पुनर्नियोजन की स्वीकृति दी जा सकेगी ?

(a) एक समय में एक वर्ष
(b) एक समय में दो वर्ष
(c) एक समय में तीन वर्ष
(d) एक समय में चार वर्ष

**48.** स्थायी वार्ता तंत्र (Permanent Negotiating Machinery) तीन स्तरों पर कार्य करता है :

1. रेलवे स्तर
2. रेलवे बोर्ड स्तर
3. स्टॉफ स्तर
4. अधिकरण स्तर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

**49.** किसी रेल सेवक को अधिकतम कितनी अवधि के लिए किसी भी प्रकार की निरंतर छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है ?

(a) 2 वर्ष
(b) 3 वर्ष
(c) 5 वर्ष
(d) 10 वर्ष

43. 30% of the basic pay of running staff shall be reckoned as pay for which of the following purposes ?

1. Medical attendance and treatment
2. Entitlement of quarter
3. Overtime allowance
4. Reimbursement of tuition fees

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

44. A Railway Servant compulsorily retired from service as a penalty may be granted by the authority pension at the rate of not less than

(a) $1/4^{th}$ of full compensation pension
(b) 1/2 of full compensation pension
(c) $2/3^{rd}$ of full compensation pension
(d) $3/4^{th}$ of full compensation pension

45. Special casual leave is granted to Railway employees to cover their absence from the duty for the following :

1. Participating in sports event
2. Scout work
3. Kailash Mansarovar yatra
4. Disaster management

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2, 3 and 4
(c) 1, 3 and 4
(d) 1, 2 and 4

46. Who is the competent authority to approve the recommendation of the selection committee in case of Group-B posts ?

(a) Head of the Department
(b) Divisional Railway Manager
(c) General Manager
(d) Railway Board

47. Extension or re-employment in the Railways beyond the date of superannuation may be granted for a period of

(a) one year at a time
(b) two years at a time
(c) three years at a time
(d) four years at a time

48. The Permanent Negotiating Machinery works in three tiers

1. Railway level
2. Railway Board level
3. Staff level
4. Tribunal level

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2, 3 and 4
(c) 1, 3 and 4
(d) 1, 2 and 4

49. How much maximum amount of continuous leave of any kind can be granted to a Railway Servant ?

(a) 2 years
(b) 3 years
(c) 5 years
(d) 10 years

**50.** यदि आप "छोटा परिवार मानदंड" अपनाते हैं तो गृह निर्माण अग्रिम (HBA) पर ब्याज में कितनी छूट का प्रावधान है ?

(a) 2%

(b) 1.5%

(c) 1%

(d) 0.5%

**51.** असाधारण छुट्टी पर रहने वाला कोई रेल सेवक

(a) किसी प्रकार की छुट्टी वेतन के लिए हकदार नहीं होगा

(b) अंतिम आहरित वेतन के लिए हकदार होगा

(c) अर्ध वेतन के लिए हकदार होगा

(d) कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात ही वह असाधारण छुट्टी की अवधि के लिए अर्ध वेतन का हकदार होगा

**52.** रेलवे में समूह 'क' (Group 'A') सेवाओं के लिए भर्ती किसके द्वारा की जाती है ?

(a) संघ लोक सेवा आयोग

(b) कर्मचारी चयन आयोग

(c) रेलवे भर्ती बोर्ड

(d) रोज़गार कार्यालय

**53.** 'कार्यग्रहण अवधि' से अभिप्रेत है

(a) नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के पश्चात, किसी रेल सेवक द्वारा सेवा का कार्यभार ग्रहण करने में लिया गया समय।

(b) छुट्टी पर जाने से लेकर वापस ड्यूटी पर आने तक की अवधि।

(c) किसी रेल सेवक को किसी नया पद ग्रहण करने अथवा एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन, जहाँ उसकी तैनाती की गई है, तक यात्रा करने के लिए दिया गया समय।

(d) चिकित्सा परीक्षण पूरा होने के पश्चात, किसी रेल सेवक द्वारा सेवा का कार्यभार ग्रहण करने में लिया गया समय।

**54.** अधिसंख्य पद (Supernumerary post) है

(a) एक छाया पद (shadow post), जहाँ पद के साथ कोई कार्य (duties) नहीं जुड़ा होता है।

(b) एक रिक्त स्थायी पद जो किसी पद विशेष पर ग्रहणाधिकार (lien) रखने वाले व्यक्ति के लिए उपलब्ध नहीं है।

(c) एक रिक्त अस्थायी पद, जिसका ग्रहणाधिकार नहीं रखा जाता है।

(d) सीधी भर्ती कोटे के अंतर्गत चिन्हित कोई पद।

**55.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) जिस रेल सेवक को पाँच वर्ष या उससे अधिक समय तक स्थानापन्न के रूप में रखा जाता है, उसे सीधी भर्ती के लिए आरक्षित कोटे के अंतर्गत स्थायी किया जाना चाहिए।

(b) जिस रेल सेवक को पाँच वर्ष या उससे अधिक समय तक स्थानापन्न के रूप में रखा जाता है, उसे उस पद के लिए स्थायी किया जाना चाहिए जिस पर वह वर्तमान में काम कर रहा है।

(c) जिस रेल सेवक को तीन वर्ष या उससे अधिक समय तक स्थानापन्न के रूप में रखा जाता है, उसे उस कार्य-पद (working post) पर स्थायी किया जाना चाहिए।

(d) जिस रेल सेवक को तीन वर्ष या उससे अधिक समय तक स्थानापन्न के रूप में रखा जाता है, उसे पदोन्नति के लिए आरक्षित कोटे के अंतर्गत स्थायी किया जाना चाहिए।

**56.** निम्नलिखित में से SRPF का पूर्ण रूप (full form) कौन-सा है ?

(a) विशेष रेलवे सुरक्षा बल (Special Railway Protection Force)

(b) विशेष रेलवे सुरक्षा निधि (Special Railway Protection Fund)

(c) विशेष रेलवे भविष्य निधि (Special Railway Provident Fund)

(d) विशेष रेलवे लोक निधि (Special Railway Public Fund)

50. What is the rebate in interest on HBA if you adopt "small family norms ?"

(a) 2%

(b) 1.5%

(c) 1%

(d) 0.5%

51. A Railway Servant on extraordinary leave is

(a) not entitled to any leave salary

(b) entitled to last pay drawn

(c) entitled to half pay

(d) entitled to half pay for the period of extraordinary leave only after he resumes duty

52. Recruitments to Group 'A' services in the Railways are made by

(a) Union Public Service Commission

(b) Staff Selection Commission

(c) Railway Recruitment Boards

(d) Employment Exchange

53. 'Joining Time' means

(a) the time taken by a Railway Servant to join service after receipt of appointment letter.

(b) the period from proceeding on leave and reporting back for duty.

(c) the time allowed to a Railway Servant to join a new post or to travel from one station to another where he has been posted.

(d) the time taken by a Railway Servant to join service after completion of medical tests.

54. Supernumerary post is

(a) a shadow post, where no duties are attached to the post.

(b) a vacant permanent post not available for the person who is holding lien to a particular post.

(c) a vacant temporary post whose lien is not maintained.

(d) a post identified against direct recruitment quota.

55. Which one of the following statements is correct ?

(a) A Railway Servant, who is put to officiate for five years or more, should be confirmed against the quota reserved for direct recruitment.

(b) A Railway Servant, who is put to officiate for five years or more, should be confirmed against the post he/she is presently working.

(c) A Railway Servant, who is put to officiate for three years or more, should be confirmed against that working post.

(d) A Railway Servant, who is put to officiate for three years or more, should be confirmed against the quota reserved for promotion.

56. Which one of the following is the full form of SRPF ?

(a) Special Railway Protection Force

(b) Special Railway Protection Fund

(c) Special Railway Provident Fund

(d) Special Railway Public Fund

**57.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी रेल सेवक को ऐसे पद पर मूल रूप से नियुक्त नहीं किया जा सकता, जिस पर किसी अन्य रेलवे कर्मचारी का ग्रहणाधिकार हो।
2. किसी रेल सेवक की, एक ही समय में दो या अधिक स्थायी पदों पर अस्थायी उपाय के रूप में नियुक्ति के सिवाय, मूल रूप से नियुक्त नहीं किया जा सकता है।
3. किसी रेल सेवक को ऐसे पद पर मूल रूप से नियुक्त किया जा सकता है, जिस पर किसी अन्य रेलवे कर्मचारी का ग्रहणाधिकार हो।
4. किसी रेल सेवक को एक ही समय में दो या अधिक स्थायी पदों पर मूल रूप से नियुक्त किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) 1 और 4

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) 1 और 2

**58.** दिव्यांग व्यक्तियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) उनकी पात्रता के आधार पर, बारी से पहले उनकी पदोन्नति के लिए विचार किया जाता है।

(b) केवल दिव्यांगता के आधार पर, पदोन्नति के मामले में कोई विभेद नहीं किया जाएगा।

(c) उपयुक्त वैकल्पिक नियोजन (employment) में, बारी से पहले उनकी पदोन्नति के लिए विचार किया जाता है।

(d) उच्चतर ग्रेड पद पर उनकी पदोन्नति के लिए बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाता है।

**59.** रेलवे में शिक्षुता (apprenticeship) के निबंधन और शर्तों के संबंध में निम्नलिखित शर्तों पर विचार कीजिए जो उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले अनुबंध (agreement) के भाग में शामिल हैं :

1. व्यवसाय (trade) या व्यवसायों (trades), जिसमें उसे प्रशिक्षण लेना होगा।
2. प्रतिभूति जमा (security deposit) की राशि।
3. शिक्षुता पूरी होने पर रोज़गार की कोई गारंटी नहीं।
4. शिक्षुता की अवधि।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**60.** रेल कर्मचारियों के लिए, प्रशिक्षण अवधि के दौरान, विभिन्न श्रेणियों के लिए वृत्तिका (stipend) की दर किसके द्वारा निर्धारित की जाएगी ?

(a) क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान

(b) क्षेत्रीय रेलवे

(c) क्षेत्रीय लेखा कार्यालय

(d) रेलवे बोर्ड

57. Consider the following statements :

1. A Railway Servant cannot be appointed substantively to a post on which another Railway Servant holds a lien.

2. A Railway Servant cannot be appointed substantively except as a temporary measure to two or more permanent posts at the same time.

3. A Railway Servant can be appointed substantively to a post on which another Railway employee holds a lien.

4. A Railway Servant can be appointed substantively to two or more permanent posts at the same time.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 4

(b) 2 and 3

(c) 1 and 3

(d) 1 and 2

58. Which one of the following statements is correct regarding persons with disability ?

(a) They are considered for out of turn promotions based on their eligibility.

(b) There shall be no discrimination in the matter of promotion merely on the ground of physical disability.

(c) They are considered for out of turn promotions in suitable alternative employment.

(d) They are not at all considered for promotion to higher grade post.

59. Consider the following conditions regarding the terms and conditions of apprenticeship in Railways which form part of the Agreement that a candidate enters into :

1. the trade or trades in which he/she will be required to undergo training.

2. the amount of security deposit.

3. no guarantee of employment on completion of apprenticeship.

4. the period of apprenticeship.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 4 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

60. For Railway employees, during training period, the rate of stipend against the various categories will be fixed by

(a) Zonal Training Institutes

(b) Zonal Railways

(c) Zonal Accounts Office

(d) Railway Board

**61.** रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के अधीन नियमों का निर्वचन करने की शक्ति किसके पास आरक्षित है ?

(a) क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक

(b) क्षेत्रीय रेलवे के CPO

(c) रेलवे बोर्ड

(d) भारत का राष्ट्रपति

**62.** किसके अधीन रेल सेवक को भारत सरकार की पूर्वानुमति के बिना समाचार पत्र का संपादन करने से वर्जित किया जाता है ?

(a) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 8

(b) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 9

(c) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 10

(d) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 11

**63.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अनुसार सरकारी सूचना का संप्रेषण, रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के निम्नलिखित किस नियम के अधीन अनुमत है ?

(a) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 10 RBE 22/06

(b) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 11 RBE 22/06

(c) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 12 RBE 22/06

(d) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 13 RBE 22/06

**64.** दहेज की माँग करना किसके अधीन निषिद्ध (prohibited) है ?

(a) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 10

(b) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 11

(c) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 12क

(d) रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 13क

**65.** किसी ALP के लिए किस अवधि में ऐल्कोहल का सेवन करना प्रतिबंधित (restricted) है ?

(a) ड्यूटी आरंभ होने के 2 घंटे के भीतर

(b) ड्यूटी आरंभ होने के 4 घंटे के भीतर

(c) ड्यूटी आरंभ होने के 6 घंटे के भीतर

(d) ड्यूटी आरंभ होने के 8 घंटे के भीतर

**66.** किसी रेल सेवक को निलंबित करने के लिए किस मानक प्रपत्र (फॉर्म) का उपयोग किया जाता है ?

(a) SF-1

(b) SF-2

(c) SF-3

(d) SF-4

**67.** निलंबन की अवधि के दौरान निर्वाह भत्ते के भुगतान के लिए गैर-नियोजन प्रमाणपत्र किस प्रपत्र (फॉर्म) में प्रस्तुत किया जाएगा ?

(a) SF-1

(b) SF-2

(c) SF-3

(d) SF-4

**68.** जाँच अधिकारी की नियुक्ति के लिए उपयोग किए जाने वाला मानक प्रपत्र (फॉर्म) है :

(a) SF-6

(b) SF-7

(c) SF-8

(d) SF-9

61. Powers to Interpret the Rules under Railway Services (Conduct) Rules, 1966, is reserved to
(a) the General Manager of Zonal Railway
(b) the CPO of Zonal Railway
(c) the Railway Board
(d) the President of India

62. Railway Servant is barred from editing a Newspaper without prior permission of the Government under
(a) Rule 8 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(b) Rule 9 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(c) Rule 10 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(d) Rule 11 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966

63. Communication of official information in accordance with Right to Information Act, 2005 is permitted under which one of the following rules of Railway Services (Conduct) Rules, 1966 ?
(a) Rule 10 RBE 22/06 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(b) Rule 11 RBE 22/06 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(c) Rule 12 RBE 22/06 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(d) Rule 13 RBE 22/06 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966

64. Demanding dowry is prohibited under
(a) Rule 10 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(b) Rule 11 of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(c) Rule 12A of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966
(d) Rule 13A of the Railway Services (Conduct) Rules, 1966

65. An ALP is restricted to consume alcohol within
(a) 2 hours of commencement of duty
(b) 4 hours of commencement of duty
(c) 6 hours of commencement of duty
(d) 8 hours of commencement of duty

66. Standard form used for placing a Railway Servant under Suspension is
(a) SF-1
(b) SF-2
(c) SF-3
(d) SF-4

67. Non-employment certificate for payment of subsistence allowance during the period of suspension shall be submitted in the form :
(a) SF-1
(b) SF-2
(c) SF-3
(d) SF-4

68. Standard form used for appointment of inquiry officer is
(a) SF-6
(b) SF-7
(c) SF-8
(d) SF-9

**69.** जहाँ रेलवे भर्ती बोर्ड का अध्यक्ष निलंबनकर्ता प्राधिकारी (suspending authority) है, तो निलंबन की अवधि की समीक्षा करने के लिए समीक्षा समिति (Review Committee) का गठन किसके द्वारा किया जाएगा ?

(a) क्षेत्रीय रेल का महाप्रबंधक

(b) क्षेत्रीय रेल का CPO

(c) रेलवे बोर्ड

(d) भारत का राष्ट्रपति

**70.** निलंबन को किस अवधि से अधिक के लिए बढ़ाया ***नहीं*** जाएगा ?

(a) एक बार में 90 दिन

(b) एक बार में 180 दिन

(c) एक बार में 30 दिन

(d) एक बार में 60 दिन

**71.** किसी मान्यता प्राप्त रेलवे ट्रेड यूनियन पदधारी प्रतिरक्षा सहायक (Defence Helper) के रूप में केवल तब हाजिर हो सकता है, यदि उसने ऐसी यूनियन में पदधारी के रूप में लगातार कितनी अवधि के लिए कार्य किया हो ?

(a) इस प्रकार हाजिर होने से पहले एक वर्ष

